एक्जेल इनोवेशन्स वर्ल्डवाइड ने ब्लेडलेस सिलींग फेन बजार में उतारा

अहमदाबाद : एक्जेल इनोवेशन्स वर्ल्डवाइड ने गुजरात में अपनी प्रिमीयम प्रोडक्ट विश्व का एकमात्र ब्लेड बगैर का सिलींग फेन लॉन्च किया। चेन्नाई के पास श्रीपेराम्बुदुर में फैक्ट्री की स्थापना करके भारत का प्रथम ब्लेडलेस सिलींग फेन का उत्पादन किया जाता है। यह प्रिमीयम प्रोडक्ट कि जो ईएफ34 ब्लेडलेस सिलींग फेन नाम से प्रख्यात है। जो कार्यक्षम रूप से घर एवं वाणिज्यिक संस्थाओ में आरामदायक साबित होगा। युनिट एक्जेल फेन्स एलएलसी युएस के साथ संयुक्त साहस है। यह फ्लेगशीप ईएफ 34 ब्लेडलेस सिलींग फेन एक मात्र ऐसा सिलींग फेन है कि जो समूचे कक्ष में हवा का फैलाव करता है। क्षमत्ता एक्जेल फएन की स्पिनिंग डिस्क बाहर की तरफ 360 डिग्री से घुमती होने के कारण प्राप्त होती है। हवा के बदलाव के कारण सेन्ट्रल वारटेक्स उत्पन्न होता है, जो छत और दिवाररो सहित समूचे कक्ष में हवा फैलाता है। हवा की आवाजाही के कारण फ्लोर से सिलींग तक तथा वॉल टू वॉल का संपूर्ण टेम्परेचर स्टेबिलिटी प्राप्त करता है।

एक्जेल इनोवेशन के डायरेक्टर सिद्धार्थ खत्री ने बताया कि भारत में हाई क्वालिटी एवं इनोवेटीव प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है और भारत के ग्राहक ऐसे इनोवेशन एवं गुणवत्ता के लिए पैसा अदा करने तैयार है। हम लोगों ने यह ईफ34 ब्लेडलेस फेन गुजरात में उतारा है। हमारा सर्वे बताता है कि देश के इस हिस्से में हाईटेक और गुणवत्ता क्षम पंखो की भारी मांग है। भविष्य में भी एडवान्स प्रोडक्ट प्रस्तुत करेंगे। (19-1)

यूसी ब्राउजर ने लघु ट्रेंडी और मजेदार फीड के लिए लॉन्च किया वीशेयर चैनल

अहमदाबाद : जैसा कि भारत और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमें एक दूसरे पर हावी होने के लिए निरंतर सुर्खियों में बनी हुई है, भारती क्रिकेट के दिग्गज खिलाडी विरेन्द्र सहवाग और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क यूसी ब्राउजर के वीशेयर चैनल की लांचिंग के साथ इस दुश्मनी को ऑनलाइन आगे ले जाने को तैयार है। यूसी ब्राउजर विश्व का नंबर एक थर्ड पार्टी मोबाइल ब्राउजर है। यूसी वीशेयर चैनल के लिए प्रवक्ता के तौर पर अनुबंधित विरेन्द्र सहवाग और माइकल क्लार्क पूरे देश में क्रिकेट प्रेमियों के लिए मजेदार एक रोमांचक कंटेंट पेश करने में अपने दोस्ताना अंदाज का परिचय देंगे। इससे यूसी के यूजर्स को एक अलग तरह का अनुभव मिलेगा। एक यूजर उन्मुखी कंटेंट प्लेटफार्म के तौर पर यूसी ने अपने यूजर्स को उनके मनमुताबिक कंटेंट उपलब्ध कराने में महारत हांसिल की है। सहवाग और क्लार्क को वीशेयर चैनल का प्रवक्ता बनाए जाने की घोषणा लघु वीडियोज, मेमेस, जीआईएफ आदि के जरिये समृद्ध और आनंददायी स्थानीय कंटेंट तैयार करने के यूसी ब्राउसर के वादे के तहत भारतीय बाजार के लिए यूसी की कंटेंट रणनीति का हिस्सा है। (19-8)

केएफसी इंडिया ने लॉन्च की अल्टीमेट सेविंग्स बकेट - हर अवसर के लिए परफैक्ट फीस्ट

नेशनल, 8 जनवरी, 2019: कर्नल सैंडर्स नए साल में चिकन प्रेमियों के लिए खुशियों का ताज़ातरीन तोहफा लेकर आए हैं। केएफसी इंडिया की नई पेषकष अल्टीमेट सेविंग्स बकेट के रूप में। इस षानदार बकेट में हैं आपके मनपसंद केएफसी के 16 पीस, 2 डिप्स और एक ड्रिंक सिर्फ599/रु' की आकर्शक कीमत पर। अपने नाम के ही अनुरूप, इस बकेट से आपको मिलेगा 42: तक बचत का लाभ, और इस तरह यह दोस्तों और प्रियजनों के साथ जमकर पार्टी का जोरदार विकल्प है।

यानी अगर आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाने के बारे में सोच रहे हैं, या आपके घर पर ही दोस्त मंडली जुड़ने वाली है तो, इस अल्टीमेट सेविंग्स बकेट से आपको सब कुछ मिलेगा - षानदार स्वाद और वो भी आकर्शक कीमत पर।

यह नई पेषकष देषभर में केएफसी के सभी रेस्टॉरेंटों पर उपलब्ध है, आप online.kfc.co.in पर ऑनलाइन या 33994444 पर कॉल कर भी इसे खरीद सकते हैं। (7-4)

MG मोटर इंडिया की बहुप्रतीक्षित पहली SUV को "MG HECTOR" नाम दिया जाएगा



इस साल के मध्य में बाजार में उतारने से पहले MG (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया ने आज अपनी बहु-प्रतीक्षित SUV: 'HECTOR' के नाम की घोषणा की है।

ट्रोजन योद्धा नायक – ट्रॉय के राजकुमार HECTOR - के महान गुणों से HECTOR नाम प्रेरणा लेता है। HECTORÓ सब कुछ मजबूत, दबंग लेकिन विश्वसनीय और भरोसेमंद का प्रतिनिधित्व करता है।

इसके इंजीनियरिंग और वीरोचित संदर्भों में भी गहरा संबंध है, जैसा कि नाम इन मूल्यों के डिजाइन प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए है, जैसा ज्यामितीय घुमावों और MG SUV के डिजाइन द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

1930 के दशक में रॉयल एयर फोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले रॉयल हेक्टर बाइप्लेन के इशारे के रूप में भी HECTOR महान ब्रिटिश इंजीनियरिंग परंपरा को श्रद्धांजलि देता है।

2019 की दूसरी तिमाही में गुजरात के हलोल स्थित कंपनी के अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा में MG HECTOR का उत्पादन शुरु हो जाएगा। 75% से अधिक स्थानीयकरण स्तरों के साथ शुरू करके कंपनी बढ़ते प्रीमियम एसयूवी खण्ड के अपने वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ पेश करने के साथ प्रवेश करना चाहती है जो अपने खण्ड में एक नया बेंचमार्क निर्धारित करता है।(1-7)

सहकारी समितियों के लिए आधुनिक बैंकिंग इकाई के रूप में एनसीडीसी प्रारूप का शुभारंभ

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधामोहन सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) की प्रशासनिक परिषद की दूसरी बैठक को सम्बोधित किया और एनसीडीसी के आधुनिक बैंकिंग इकाइयों के रूप में सहकारिता मॉडल का शुभारंभ किया श्री राधा मोहन सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसीटी समूचे देश के सहकारी क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र के अन्य हितधारकों के प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन के लिए उत्तरदायी है। परिषद का मुख्य उद्देश्य देश की सहकारिताओं में मानव संसाधन विकास की प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाना है श्री सिंह ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय स्तर पर वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम) पुणे, क्षेत्रीय स्तर पर बैंगलुरू, चंडीगढ़, गांधीनगर, कल्याणी एवं पटना में पांच क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में 14 सहकारी प्रबंध संस्थान सहकारिता विभाग हैं। ये संस्थान संगठनों में काम करने वाले वरिष्ठ एवं मध्यम स्तर के कर्मियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। परिषद् की विभिन्न प्रशिक्षण इकाइयों द्वारा 1340 कार्यक्रमों में 46203 प्रतिभागियों को दिसम्बर 2018 तक प्रशिक्षित किया जा चुका है। श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार उत्तरी पूर्वी राज्यों एवं सिक्किम के दृरुतगामी सामाजिक-आर्थिक विकास पर विशेष बल दे रही है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में सहकारिताओं में मानव संसाधन के विकास हेतु एनसीसीटी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है । स0प्र0 संस्थान गुवाहाटी, इम्फाल एवं क्षे0स0प्र0 संस्थान, कल्याणी द्वारा उत्तरी पूर्वी क्षेत्र की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है।

बैठक के दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री ने विभिन्न स्तरों पर सहकारी बैंकों के व्यापक सुदृढ़ीकरण व देश के दूरदराज के गावों में कृषकों के वित्तीय समावेश हेतु राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के नवीन मॉडल आधुनिक बैंकिंग इकाइयों के रूप में सहकारिता का शुभारम्भ किया।

श्री राधामोहन सिंह ने बताया कि प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) को सुदृढ़ सूचना प्रौद्योगिकी मंच प्रदान करना, मोदी सरकार की प्राथमिकता है। इस संबंध में एनसीडीसी ने आधुनिक बैंकिंग इकाइयों के रूप में सहकारिताओं के सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक कदम उठाये हैं ।

कृषि मंत्री ने बताया कि मॉडल में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संबंधित संरचना जैसे डाटा सेंटर, उद्यम नेटवर्क तथा सिक्योरिटी, कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस), ए.टी.एम., पी.ओ.एस., ई-लॉबी आदि के उन्नयन एवं नये निर्माण सम्मिलित है। इसमें एनसीडीसी के संस्थान लक्ष्मण राव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान एवं विकास अकादमी के माध्यम से क्षमता विकास में सहकारिताओं को सहायता प्रदान करना भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि सहायता राशि राज्य सरकार के माध्यम से सबसिडी समेत 90% से 100% तक प्रदान की जाती है। सीधे वित्त पोषण स्कीम के अंतर्गत सबसिडी समेत 65% से 90% तक सहायता दी जाती है जो कि केंद्रीय क्षेत्रक स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार है ।

उन्होंने बताया कि सहकारी उद्यम सहयोग एवं नवीन स्कीम (युवा सहकार) के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नई परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता पर भी विचार किया जा सकता है। सहकारी बैंकों तथा पैक्स को सहायता प्रदान करने हेतु एनसीडीसी की योजनाओं को नाबार्ड समेत अन्य योजनाओं के साथ संयोजित किया जा सकता है। इस मॉडल के लिए सहकारिताओं (राज्य सहकारी बैंक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा पैक्स) के सभी स्तरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है । एनसीडीसी द्वारा तैयार इस मॉडल के अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु किसी प्रकार की कोई न्यूनतम एवं अधिकतम सीमा नहीं है।

सम्बोधन के अंत में कृषि मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीडीसी मॉडल, आधुनिक युग में सहकारिता की आवश्यकताओं को पूरा करेगा तथा शीर्ष बैंकों के साथ पैक्स को भी जोड़ेगा।

दिसंबर 2019 तक निफ्टी में 16-20 प्रतिशत का सुधार देखा जा सकता है: कोटक सिक्युरिटीज

अहमदाबाद : कोटक सिक्युरिटीज के सीनियर वाइस प्रेसिडेन्ट और फंडामेन्टल रिसर्च हैड रुस्मिक ओझा ने वैश्विक व्यापार युद्ध, फैड रेट और ब्रेक्सिट जैसे अहम कारकों की ओर इंगित करते हुए कहा कि ये 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की धारणा को आकार देंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में ओझा ने इशारा दिया है की आगामी आम चुनावों के चलते अगले 6 माह चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते है जिससे बाजार में कुछ अस्थिरता आ सकती है। यद्यपि इसके बावजूद निवेशकों को बीच- बीच में निवेश के कई अवसर मिलेंगे । साथ ही उन्होंने निवेशकों को धैर्य बनाए रखने हेतु भी सचेत किया है।

ओझा ने इशारा दिया है की अगर चुनाव परिणाम सकारात्मक आए (यानी एक ही राजनीतिक दल को बहुमत मिले) तथा आय वृद्धिकी गति बरकरार रही तो निफ्टी 16-20 प्रतिशत की वृद्धि करता हुआ 12500- 13000 अंक की रेंज में पहुंच सकता है। उन्होने मिड एवं स्मॉल कैप सेगमेन्ट के बारे में भी बात की । निफ्टी के मुकाबले मिड और स्माल कैप स्टॉक्स में जो तीव्र सुधार हुआ है। उससे झआग साफ हो गया है। मिड कैप इंडेक्स का प्राइस - अर्निंग मल्टीपल कभी 25 गुना हुआ करता था वह अब मूल्यांकन के मामले में निफ्टी से नीचे है। उन्होंने कहा कि मिड व स्मॉल कैप्स में मूल्यांकन की रि- रेटिंग की संभावना बहुत ऊंची है। (13-1)

शेल्बी होस्पिटल को बेस्ट होस्पिटल फॉर मेडीकल टूरिज्म ओफ गुजरात का अवार्ड

अहमदाबाद : शहर की अग्रणी विश्व स्तर की होस्पिटल शेल्बी होस्पिटल को हाल ही में टूरिज्म कार्पोरेशन ऑफ गुजरात लिमिटेड द्वारा गुजरात टूरिज्म का बेस्ट होस्पिटल फॉर मेडीकल टूरिज्म का अवार्ड 2019 प्राप्त हुआ है।

यह अवार्ड गुजरात सरकार के रेवन्यु मिनीस्टर कौशिकभाई जे. पटेल एवं टूरिज्म कार्पोरेशन ऑफ गुजरात लीमीटेड के डायरेक्टर अमित ठाकर द्वारा एनायात किया गया और शेल्बी होस्पिटल के आउटपेशन्ट डिपार्टमेन्ट के डायरेक्टर डॉ. भरत गज्जर एवं इन्टरनेशनल बिजनेसके एसोसिएटीव वॉइस प्रेसिडेन्ट अमर माटलानी द्वारा प्राप्त किया गया।

शेल्बी होस्पिटल के फाउन्डर चेयरमेन एवं मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विक्रम आई. शाह ने बताया कि शेल्बी होस्पिटल गुजरात में मेडीकल टूरिज्म के क्षेत्र में 10 से अधिक सालों से अग्रणी है। हमें बेस्ट होस्पिटल फॉर मेडीकल टूरिज्म इन गुजरात का अवार्ड प्राप्त होने पर गौरव की अनुभूति करते है।-

एजीसी नेटवर्क्स ने किया ब्लैक बॉक्स कॉर्पोरेशन का अधिग्रहण

मुंबई, एक भरोसेमंद गो-टू-टेक्नोलॉजी-सॉल्यूशन-इंटीग्रेटर एजीसी नेटवर्क लिमिटेड (बीएसई: 500463 और एनएसई: एजीसीएनईटी) ने आज घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने ब्लैक बॉक्स कॉर्पोरेशन (नैस्डेक: बीबीओएक्स) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है जो कि अमेरिका में एक डिजिटल समाधान प्रदाता है। ब्लैक बॉक्स के साथ संयोजन से छह महाद्वीपों में 25 से देशों में एजीसी की उपस्थिति और प्रस्ताव काफी हद तक मजबूत होंगे। अधिग्रहण से एजीसी के राजस्व में 600 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक राशि का जुड़ाव होगा जिससे कंपनी का संयुक्त राजस्व 750 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक हो जाएगा; साथ ही यह दुनिया भर में ग्राहकों की सेवा करने वाले 4,000 से अधिक लोगों से सम्पन्न एक वैश्विक तौर पर प्रमुख कंपनी बन जाएगी।

एजीसी नेटवर्क्स के कार्यकारी निदेशक और सीईओ व ब्लैक बॉक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ श्री संजीव वर्मा ने कहा, 'हम ब्लैक बॉक्स को एजीसी परिवार का हिस्सा बना कर उत्साहित हैं। ब्लैक बॉक्स की कुशल टीमें और विश्व-स्तरीय उद्यमिता भागीदारों के साथ मजबूत ग्राहक संबंध हमें अपने वैश्विक ग्राहकों की बेहतर सेवा करने की अनुमति देंगे। जल्द ही ब्लैक बॉक्स और उसकी सहायक कंपनियां मिल कर काम करना शुरू कर देंगी। दोनों कंपनियां मिलकर एक अनूठा संगठन बनाएंगी जिसमें सबसे बड़े और सबसे जटिल कॉर्पोरेट को विश्वव्यापी समाधान देने का पैमाना रखा जाएगा।'(1)

यामहा ने YZF-R15 V3.0 में पेश किया डुअल चैनल एबीएस

इंडिया यामहा मोटर (आईवाईएम) ने दिल जीत लेने वाले कॉल ऑफ द ब्लू के तहत 2019 की शुरुआत में आज भारत में डुअल चैनल एबीएस से लैस YZF-R15 Version 3.0 को उतारने का एलान किया। यामहा ने YZF-R15 Version 3.0 को ऑटो एक्सपो 2018 में लांच किया था और इसे लोगों की तरफ से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। पहले साल इसकी बिक्री उत्पादन के तय लक्ष्य से दोगुनी रही। डुअल चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) से लैस YZF-R15 Version 3.0 की लॉन्चिंग के साथ यामहा पहली कंपनी बन गई है जिसने 150 सीसी मॉडल में डुअल चैनल एबीएस का फीचर दिया है। भारत में यह मोटरसाइकिल थंडर ग्रे, रेसिंग ब्लू और डार्कनाइट रंगों में उपलब्ध होगी। इसमें डुअल चैनल एबीएस के साथ वीवीए टेक्नोलॉजी और एएंडएस क्लच जैसे सभी पुराने फीचर भी उपलब्ध रहेंगे। डुअल चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) टेक्नोलॉजी में एडजस्टेबल फ्लूड प्रेशर होता है, जो फ्सिलन वाले रास्तों पर भी शानदार ब्रेकिंग सुनिश्चित करता है। इसमें हाई कंप्रेशन रेश्यो के साथ 155 सीसी इंजन है जिससे 10,000 आरपीएम पर अधिकतम 19.3 पीएस पावर और 8500 आरपीएम पर 14.7 एनएम टॉर्क मिलता है। (13-5)

रोहित की यह फिल्म मल्टीस्टारर होगी

रणवीर सिंह और सारा की फिल्म २०० करोड़ के पार

मुंबई, सिंबा की कमाई में दूसरे मंगलवार को भी केवल ५-१०% की कमी नजर आई और इसने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर २०० करोड़ के आकड़े क छू लिया है।

रोहित शेट्टी की इस फिल्म ने मंगलवार को ५.५० से ५.७५ करोड़ रुपये की कमाई कर २०१ करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गई है।

बता दें कि रणवीर सिंह और सारा अली खान स्टारर इस फिल्म को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं और फिल्म देश ही नहीं विदेशों में भी कमाल परफॉम कर रही है। फिल्म की शुरुआत महाराष्ट्र रीजन में काफी शानदार रही। हालांकि, फिल्म को पूरे देश में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही हैं। साल २०१८ का अंत देश और विदेश में इस फिल्म के बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ हुआ है।

यह फिल्म रोहित शेट्टी की पॉप्युलर फिल्म सिंघम की फ्रैंचाइजी है, जिसमें रणवीर सिंह एक भ्रष्ट पुलिस ऑफिसर की भूमिका में है। फिल्म में एक ऐसा टर्न आता है जब रणवीर खुद न्याय के लिए लड़ाई लड़ते दिखते हैं । २८ दिसम्बर को रिलीज हुई रणवीर की यह फिल्म उनकी सबसे शानदार ओपनिंग करने वाली फिल्म बन चुकी है।

भारत में हुआवे की नई पेशकश

हुआवे कंज्यूमर बिजनेस ग्रुप, इण्डिया टुडे ने आज अपने नए हाई टेक और शानदार इंटरटेनमेंट अनुभव देने वाले हुआवे वाय 9 2019 की लॉन्चिंग की घोषणा की। हुआवे ने अपने सर्वोत्तम क्वालिटी तथा सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के फोकस के साथ इस एंट्री लेवल फ्लैगशिप फोन% वाय9 2019 को 6.5 स्क्रीन, 3डी कर्व्ड डिजाइन, पावरफुल बैटरी, एडवांस्ड क्वॉड कैमरा तथा सबसे मजबूत मटेरियल और सर्वोत्कृष्ट स्तर की बनावट के साथ प्रस्तुत किया है जिससे इसकी ड्यूरेब्लिटी और भी बढ़ जाती है। जेनरेशन वाय 9 6. 5 हुआवे फुल व्यू डिस्प्ले के साथ 1500-1, 2340*1080 रेसोल्यूशन तथा 397 पीपीआई के साथ 16. 70 मिलियन कलर आईपीएस एलसीडी जैसे फीचर देता है, 3डी कर्व्ड डिजाइन के साथ आने वाला इसका डिस्प्ले यूजर को वाइडर व्यू और अनलिमिटेड कंट्रोल दोनों की सुविधा देता है। यह आई कम्फर्ट मोड को भी सपोर्ट करता है । हुआवे वाय 9 2019 4000 एमएएच बड़ी और शक्तिशाली बैटरी तथा हाई परफॉर्मेंस 12 एनएम किरिन 710 चिपसेट से लैस है जो कि इसकी बैटरी की क्षमता को बढ़ाता है। हुआवे वाय 9 2019 का किरिन 710 चिपसेट हुआवे की यूनिक जीपीयू टर्बो टेक्नोलॉजी के साथ काम करता है, जिससे जीपीयू की क्षमता बढ़ जाती है तथा बेसिक परफॉर्मेंस 1.3 गुना अधिक हो जाती है। हुआवे वाय9 2019 का 16एमपी+2 एमपी फ्रंट ड्युअल कैमरा और 13 एमपी+2 एमपी रियर ड्युअल कैमरा हार्डवेयर लेवल पर बोकेह इफेक्ट के साथ आते हैं और सभी इंटेलिजेंट सिनेरियो (कुशल परिदृश्यों) तथा ऑप्टिमाइजेशन को सपोर्ट करता है। हुआवे वाय 9 2019 कराओके मोड, पार्टी मोड तथा हिस्टन 5.0 यूजर्स को और अधिक शानदार मनोरंजन देता है। (13-5)

पश्चिम रेलवे द्वारा
हापा तथा **सांत्रागाछी**
के बीच साप्ताहिक
एसी सुपरफास्ट विशेष ट्रेन

EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT एक भारत श्रेष्ठ भारत

सांत्रागाछी ⇌ हापा — **14 फेरे**

ट्रेन सं.	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान की तारीखें
02833	हापा 10.40 बजे (सोमवार)	सांत्रागाछी 05.45 बजे (बुधवार)	14.01.2019 से 25.02.2019
02834	सांत्रागाछी 21.05 बजे (शुक्रवार)	हापा 16.35 बजे (रविवार)	11.01.2019 से 22.02.2019

संरचना: एसी 3 टियर

ठहराव: राजकोट, वाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, वीरमगाम, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, नंदुरबार, अमलनेर, जलगाँव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुडा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर एवं खड़गपुर स्टेशन दोनों दिशाओं में।

ट्रेन सं. **02833** की बुकिंग दिनांक **11.01.2019** से सभी यात्री आरक्षण केन्द्रों तथा आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

विशेष ट्रेन, विशेष किराये के साथ

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: twitter.com/ WesternRly

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें।